Lakshmi Ji Aarti

जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता ||
तुमको निशदिन सेवत, हर विष्णु विधाता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

उमा, रमा, ब्रह्मणि, तुम ही जग माता ||
मैया तुम ही जग माता ||
सूर्य चंद्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

दुर्गा रूपा निरंजनी, सुख सम्पति दाता ||
मैया सुख सम्पति दाता ||
जो कोई तुमको ध्यावत, रिद्धि सिद्धि धन पाता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

तुम पाताल निवासनी, तुम ही शुभ दाता ||
मैया तुम ही शुभ दाता ||
कर्म प्रभाव प्रकाशनी, भवनिधि की त्राता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

जिस घर में तुम रहती, सब सदगुण आता ||
मैया सब सदगुण आता ||
सब संभव हो जाता, मन नहीं घबराता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न हो पाता ||
मैया वस्त्र न हो पाता ||
खान पान का वैभव, सब तुमसे आता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

शुभ गुण मंदिर सुन्दर , क्षीरोदधि जाता ||
मैया क्षीरोदधि जाता ||
रत्ना चतुर्दशा तुम बिन, कोई नहीं पाता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

महा लक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता ||
मैया जो कोई जन गाता ||
उर आनंद समाता, पाप उतर जाता !!
ॐ जय लक्ष्मी माता..

Om Jai Laxmi Mata, Maiya Jai Laxmi Mata,
Tumko nis din sevat, Har, Vishnu Dhata
Om Jai Laxmi Mata…

Uma Rama Brahmaani, Tum ho Jag Mata,
Maiya Tum hi Jag Mata,
Surya ChanraMa dhyaavat, Naarad Rishi gaata.
Om Jai Laxmi Mata…

Durga Roop Niranjani, Sukh Sampati Data,
Maiya Sukh Sampati Data
Jo koyee tumko dhyaataa, Ridhee Sidhee dhan paataa
Om Jai Laxmi Mata…

Tum pataal Nivasani, Tum hi Shubh Daataa ||
Maiya Tum hi Shubh Daataa ||
Karm prabhav prakasini, Bhav-nidhi kit rata !!
Om Jai Laxmi Mata…

Jis ghar mein tum rehtee, sab sad-gun aataa,
Maiya sab sad-gun aataa ||
Sab sambhav ho jaata, Man naheen ghabraataa.
Om Jai Laxmi Mata !!

Tum bin Yagna na hote, Vastra na ho pata,
Maiya , Vastra na ho pata ||
Khan Paan ka vaibhav, Sab tumase aata !
Om Jai Laxmi Mata !!

Subh gun mandir sundar, kshirodadhi jaata,
Maiya kshirodadhi jaata ||
Ratna chaturdash tum bin, koi nahi paata !
Om Jai Laxmi Mata !!

Maha Laxmiji ki aarati, Jo koi jan gaata,
Maiya jo koi jan gaata ||
Ur anand samaata, paap utar jaata !
Om Jai Laxmi Mata !!

.•:* Visit www.HennaArts.com for Hindu culture, religious articles and fun filled family activities *:•.